nt>

Title: Need to run Kaifiat Express from Mau Junction in Uttar Pradesh.-Laid.

श्री बालकृण चौहान (घोसी) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आजमगढ़ से दिल्ली चलने वाली " कैफियात एक्सप्रैस" की ओर दिलाना चहता हूं। उक्त ट्रेन के परिचालन के पूर्व ही कई बार लोक सभा के माध्यम से तथा माननीय मंत्री जी एवं माननीय प्रधान मंत्री जी के द्वारा मऊ जंक्शन, जो आजमगढ़ से मात्र 40 किलोमीटर दूर है, से चलाने की मांग की गयी थी। उक्त ट्रेन हेतु मऊ जंक्शन से प्रतिदिन औसत 100 टिकट दिल्ली व अन्य स्टेशनों हेतु बुक होते हैं। मऊ से चलाने पर उक्त ट्रेन की सुविधा मऊ के पड़ोसी जिलों, बलिया, गाजीपुर आदि के यात्री भी प्राप्त कर सकेंगे। मऊ शहर एक विश्व प्रसिद्ध साड़ी निर्माण एवं व्यवसाय का केन्द्र है। वहां ट्रेन परिचालन की सुविधाएं मौजूद हैं जबकि आजमगढ़ से चलाने पर मऊ जंक्शन से ही अधिकांश कार्य सम्पादित होते हैं।

अतः सरकार से प्रार्थना है कि उक्त ट्रेन का परिचालन मऊ जंक्शन से सुनिश्चित करें।